## हिंदी विवि में फिरोज अब्बास खान ने किया त्रिदिवसीय फिल्म समारोह का उद्घाटन

### फिल्मोत्सव में कई फिल्मी हस्तियां थीं मौजूद, गांधी माई फादर रही उद्घाटन फिल्म



वर्धा, 06 सितम्बर, 2011; महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में पहली बार आयोजित त्रिदिवसीय (6-8 सितम्बर, 2011) महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का उद्घाटन कई फिल्मी हस्तियों की मौजूदगी में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक फिरोज अब्बास खान ने किया। फिरोज अब्बास खान की फिल्म गांधी माई फादर उद्घाटन फिल्म रही। फिल्म समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने की।

उद्घाटन वक्तव्य में फिरोज अब्बास खान ने कहा कि आज एन्टी सोशल एलीमेंट पर फिल्में बन रही हैं, जो हमें जंगल की ओर ले जा रही हैं। आज हमें मूल्यों पर आधारित फिल्मों की आवश्यकता है जो हमारे समाज व युवाओं को एक अच्छा आदर्श प्रस्थापित कर सकें। वर्धा एक पवित्र भूमि है जहां मूल्यों पर आधारित फिल्म फेस्टीवल का आयोजन होना एक गौरव की बात है। फिल्म फेस्टीवल के आयोजन के लिए उन्होंने कुलपति विभूति नारायण राय को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में अच्छे सिद्धांत स्थापित करनेवालों में आप भी एक हैं। इस समारोह को फोकस फेस्टीवल की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं में अच्छे मूल्य स्थापित करने के लिए यह फेस्टीवल एक मॉडल के रूप में जाना जाएगा। फिल्म इण्डस्ट्री में अपार संभावनाएं हैं परंतु आज भी इसमें प्रशिक्षित लोगों की कमी है, का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में फिल्म अध्ययन विभाग को एक विभाग तक ही सीमित कर नहीं रखा जाना चाहिए अपितु एक फिल्म स्कूल स्थापित किया जाना चाहिए ताकि सामान्य व मेहनतकश लोगों को भी इस क्षेत्र में अवसर मिल सके। उन्होंने कुलपति की ओर इशारा करते हुए आश्वस्त किया कि फिल्म स्कूल के लिए हमसे जो भी बन पड़ेगा, हम मदद करने को तैयार हैं।

अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति विभूति नारायण राय ने कहा कि आज के युवाओं में सिनेमा के माध्यम से मूल्यों की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फेस्टीवल अहिंसा व शांति के पक्ष में है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में जल्द ही कवि निराला के नाम से सुसज्जित ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विवि के अतिथि लेखक सुरेश शर्मा ने किया तथा जानेमाने फिल्म समीक्षक अजीत राय ने स्वागत वक्तव्य दिया। हबीब तनवीर सभागार में उद्घाटन के अवसर पर देशभर से आए फिल्मकार, समीक्षक, साहित्यकार,पत्रकार सहित विवि के अध्यापक, कर्मी,शोधार्थी व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फिल्म समारोह में गांधी दर्शन पर आधारित अहिंसा और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को सामने लानेवाली विश्व की चर्चित फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें ओमपुरी, फिरोज अब्बास खान, सीमा कपूर, अनवर जमाल, अमित राय,रंजीत कपूर, एल एडविन,गौतम घोष, त्रिपुराई शरण, संजय झा निर्देशित रोड टू संगम, इस्ट टू इस्ट, चिंटू जी, पतंग, हाट, गांधी माई फादर, जब दिन चले न रात चले, स्वराज, माई सन द फाइनेटिक, स्ट्रिंग्स-बाउंड बाई फेथ सहित कई फिल्में दिखायी जाएंगी।





**8सितम्बर को ओमपुरी होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि-** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का समापन 8 सितम्बर को होगा जिसमें सिने अभिनेता ओमपुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

-अमित कुमार विश्वास